Government Degree College Nainbagh

N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand

(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)

Website: http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

STUDENTS' TOUR TO NARAYANI NAKSHATRA PAUDHSHALA (NNP) UDER MoU

DATE- 19 MAY 2023

Students along with teachers had a visit to local orchard in Nainbagh village Pab. This tour was organized under MOU with Narayani Nakshatra Paudshala, Nainbagh. The owner Mr. Kundan singh Panwar explained the students about various techniques of plantation, about nursery and packaging of fruits.

Government Degree College Nainbagh

N. G. Road Nainbagh (Tehri Garhwal)-249186, Uttarakhand

(Affiliated to Sri Dev Suman Uttarakhand University, Badshahithaul, Uttarakhand)

Website: http://gdcnainbagh.in **Email:** principalgdcnainbagh2001@gmail.com

NEWS LINKS

https://www.garhninad.com/2023/05/students-of-government-college-nainbagh-took-training-to-prepare-nursery-in-narayani-nakshatra-plantation/

https://newsindiagroup.com/the-students-of-government-college-nainbagh-took-training-to-prepare-nursery-in-narayani-nakshatra-nursery/

https://pradeshnews24x7.com/nainbagh-students-took-training-to-prepare-nursery-for-different-plants-in-narayani-nakshatra-plantation/

RNI: UP HIN 2016/71045
REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी
मजलूमों की आवाज...
NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

20-मई-2023
संजय कुमार राजपूत

महाविद्यालय नैनबाग के छात्रों ने नारायणी नक्षत्र पौधशाला में नर्सरी तैयार करने का लिया प्रशिक्षण

टिहरी, गढ़वाल, नैनबाग। राजकीय महाविद्यालय नैनबाग टिहरी गढ़वाल एवं "नारायणी नक्षत्र पौधशाला (NNP)"के मध्य समझौता ज्ञापन(MOU) के तहत महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने "नारायणी नक्षत्र पौधशाला" में विभिन्न पौधों हेतु नर्सरी तैयार करने का प्रशिक्षण लिया । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमिता श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने "नारायणी नक्षत्र पौधशाला" का भ्रमण किया । NNP के निदेशक एवं उत्तराखंड के जाने-माने उद्यान पंडित श्री कुंदन सिंह पँवार ने छात्र- छात्राओं को विभिन्न पौधों जैसे आडू,कीवी,खुमानी, बादाम,पूलम, अखरोट, आंवला, आम जैसे फलों के उत्पादन हेतु किस प्रकार की देखरेख होनी चाहिए तथा पौधों के लिए किन- किन बातों का ध्यान रखना चाहिए जिससे कि फलों का उत्पादन अधिक से अधिक हो इसकी जानकारी छात्रों को दी । उन्होंने छात्रों को सिखाया कि किस प्रकार से किसी भी उद्यान अथवा नर्सरी को विकसित करने के लिए पर्यावरण,मिट्टी, पॉलीहाउस जल की उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने पूरे उद्यान का विकास जैविक उर्वरक एवं जैविक कीटनाशक के द्वारा विकसित करने के गुर छात्रों को सिखाए। उन्होंने सिंचाई के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकल सिंचाई व्यवस्था के बारे में भी छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मध्यम पर्वतीय हिमालयी क्षेत्रों में किस प्रकार से हम मैदानी क्षेत्रों में भी होने वाले फलों को तथा पहाड़ी क्षेत्रों में भी होने वाले फलों को एक साथ विकसित कर सकते हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा अनेक विदेशी पौधों के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया गया तथा अपनी नर्सरी में उपलब्ध पौधों को दिखाते हुए छात्रों को प्रयोगात्मक रूप से समझाया कि उनको किस प्रकार से पॉलीहाउस में विकसित किया जाता है । MOU की समन्वयक डॉo मधु बाला जुवाँठा ने बताया कि इस उद्यान भ्रमण से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की स्वरोजगार सम्बन्धी समझ बढ़ेगी तथा जैविक खेती एवं फलों की खेती के लिए छात्र-छात्राएं प्रेरित होंगे तथा हम एक शुद्ध खेती एवं शुद्ध पर्यावरण की तरफ बढ़ पाएंगे। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री परमानंद चौहान, श्री संदीप कुमार, डॉo दिनेश चंद्र, श्री चतर सिंह तथा छात्र-छात्राओं में निकिता, शिवानी, सुनैना, दिव्यांशी, कवि, अमृता, कोमल, संदीप, पुनीत, पंकज आदि अनेक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

Sumita

Prof. Sumita Srivastava
Principal
Government Degree College, Nainbagh
Tehri Garhwal

Principal
Govt. Degree College
Nainbagh (Tehri Garhwal)